उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 66 /गोपन/2024–25 दिनांकः 31 मई, 2024

संवाद

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 59/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 15 मार्च, 2024 को होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय उत्तराखण्ड के अंतर्गत हवलदार प्रशिक्षक के कुल 24 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। आयोग के प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम संख्या 118/गोपन/2024–25 दिनांक 26 अप्रैल, 2024 के द्वारा हवलदार प्रशिक्षक के पदों हेतु शारीरिक माप–जोख परीक्षा की तिथि 01 जून, 2024 से प्रस्तावित की गयी थी। जिसके संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा पृच्छाएं की जा रही है।

उक्त के संबधं में अवगत कराना है कि शारीरिक माप–जोख परीक्षा हेतु आयोग द्वारा होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय, उत्तराखण्ड से शारीरिक परीक्षा की योग्यताओं/अर्हताओं के संबंध में कतिपय बिन्दुओं पर सूचनायें अपेक्षित है।

अतः उक्तानुसार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पदनाम–हवलदार प्रशिक्षक की दिनांक 01 जून, 2024 से प्रस्तावित शारीरिक माप–जोख परीक्षा स्थगित की जाती है। उक्त शारीरिक माप–जोख परीक्षा की आगामी तिथि पृथक से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर शीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव